Roll No. .... Total Printed Pages - 6

F-3478

M.A. (Previous) EXAMINATION, 2022

HINDI

Paper Fourth

(आधुनिक गद्य साहित्य)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks:100*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः **प्रत्येक-10**

(क) त्याग और क्षमा, तप और विद्या, तेज और सम्मान के लिए है - लोहे और सोने के सामने सिर झुकाने के लिए हम लोग ब्राह्मण नहीं बने हैं। हमारी दी हुई विभूति से हमीं को अपमानित किया जाये, ऐसा नहीं हो सकता। कात्यायन! अब केवल पाणिनि से काम न चलेगा। अर्थशास्त्र और दण्ड-नीति की आवश्यकता है।

(ख) स्त्री और पुरुष में समान शक्तियाँ हैं, समान प्रवृत्तियाँ हैं। और उनमें कोई विभिन्नता नहीं है। इससे भयंकर असत्य की मैं कल्पना नहीं कर सकता। यह वह असत्य है जो युग-युगान्तरों से संचित अनुभव को उसी तरह ढक लेना चाहता है, जैसे बादल का एक टुकड़ा सूर्य को ढक लेता है, मैं आपको सचेत किये देता हूँ कि आप इसके जाल में न फँसे, स्त्री पुरुष से उतनी ही श्रेष्ठ है, जितना प्रकाश अँधेरे से।

(ग) यह प्रसाद है आर्य, कि यह शरीर नरक का साधन है। यही बैकुण्ठ है। इसी को आश्रय करके नारायण अपनी आनंद-लीला प्रकट कर रहे हैं। आनंद से ही यह भुवन मंडल उद्भासित है। आनंद से ही विधाता ने सृष्टि उत्पन्न की है। आनंद ही इसका उद्गम है, आनंद ही इसका लक्ष्य है।

(घ) जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान दशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है। हृदय की इस मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है, उसे कविता कहते हैं। इस साधना को हम भावयोग कहते हैं और कर्म-योग और ज्ञान-योग का समकक्ष मानते हैं।

(ङ) डरता था, सोने-चाँदी के इन युग में मेरी ये 'माटी की मूरतें' कैसी पूजा पाती हैं? किन्तु इधर इनमें से कुछ जो प्रकाश में आई, हिन्दी-संसार ने उन्हें सर आँखों पर

लिया! यह मेरी कलम या कला की करामात नहीं, मानवता के मन में मिट्टी के प्रति जो स्वाभाविक स्नेह है, उसका परिणाम है। उस स्नेह के प्रति मैं बार-बार सिर झुकाता हूँ और कामना करता हूँ, कुछ और ऐसी 'माटी की मूरतें' हिन्दी-संसार में उपस्थित करने का सौभाग्य प्राप्त कर सकूँ।

(च) दो जवान बेटे और बुलाकी उसकी पत्नी थी। घर में सुजान के हाथों से अधिकार छिनते चले गये। सत्कार उसका वही रहा। वह गृह स्वामी न रहकर मंदिर का देवता बन गया था। घर में उसकी उदारता की फबतियाँ कसी जाने लगीं। उनका निठल्ले बैठकर पूजापाठ में समय लगा देना, बेटों को अखरने लगा। भोला ने एक दिन भगत के हाथों में भिक्षुक को देने जाते हुए अनाज की छबड़ी छीन ली और त्यौरियाँ बदल कर कहा- "सेतु का माल नहीं है, जो लुटाने चले हो। छाती फाड़-फाड़ कर काम करते हैं तब दाना घर में आता है।" भगत अवसन्न रह गया। उसने क्रोध और दुःख से पीड़ित होकर भोजन नहीं किया।

2. "जयशंकर प्रसाद के नाटक 'चन्द्रगुप्त' में कथानक कल्पना तत्व से अनुरंजित होते हुए भी ऐतिहासिक है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। **15**

अथवा

उपन्यास के तत्वों के आधार पर सिद्ध कीजिए कि 'गोदान' ग्रामीण जीवन की व्यथा-कथा है।

3. कहानी के तत्वों के आधार पर 'उसने कहा था' अथवा 'पुरस्कार' कहानी की समीक्षा कीजिए। **15**

अथवा

'भारतीय साहित्य की प्राण शक्ति' निबंध की समीक्षा कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर लघु उत्तर दीजिएः **प्रत्येक 4**

(1) सरदार पूर्ण सिंह की भाषा शैली

(2) फणीश्वरनाथ 'रेणु' की आँचलिकता।

(3) हरिशंकर परसाई का व्यंग्य विधा में स्थान बताइए।

(4) कृष्णा सोबती की कहानी कला।

(5) 'मक्रील' कहानी का सार-संक्षेप।

(6) 'क्या भूलूँ : क्या याद करूँ' कृति की विशेषताएँ।

(7) 'चढ़ती उमर' की कथावस्तु।

(8) 'रांगेय राघव' का साहित्यिक परिचय।

(9) 'वैष्णव की फिसलन' निबंध का सार।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **प्रत्येक 01**

(1) 'कोणार्क' किसकी रचना है?

(2) गजाधर बाबू किस कहानी से संबंधित हैं?

(3) 'झूठा-सच' के लेखक का नाम लिखिए।

(4) 'हरी-हरी दूब और लाचार क्रोध' के लेखक का नाम लिखिए।

(5) हानूश की पत्नी का नाम बताइए।

(6) प्रतापनारायण मिश्र के किसी एक निबंध का नाम लिखिए।

(7) 'आवारा मसीहा' में किसकी जीवनी लिखी गई है?

(8) मन्नू भंडारी के प्रसिद्ध उपन्यास का नाम लिखिए।

(9) महादेवी वर्मा द्वारा लिखित एक संस्मरण का नाम लिखिए।

(10) किसी एक आँचलिक उपन्यासकार का नाम लिखिए।

(11) 'जयतु-जयतु घुमक्कड़ पंथा' किस रचनाकार का उद्‌घोष बना?

(12) मन्नो किस कहानी की पात्र है?

(13) 'हालावाद' के प्रवर्तक किसे कहा जाता है?

(14) प्रेमचंद ने किस पत्रिका का संपादन किया?

(15) 'चन्द्रगुप्त' नाटक कितने अंकों में विभाजित है?

(16) यात्रा वृत्तांत किस शैली में लिखे जाते हैं?

(17) अरुण किस देश का राजकुमार था?

(18) डॉ. रामकुमार वर्मा किस विधा के रचनाकार हैं?

(19) हिन्दी कहानी का आरंभ किस पत्रिका के प्रकाशन से माना जाता है?

(20) हिन्दी के प्रथम उपन्यास का नाम बताइए।

(21) 'पुरस्कार' कहानी का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

(22) ''स्त्री प्रकृति है। उसकी सफलता पुरुष को बाँधने में है।'' किस उपन्यास का कथन है?

(23) अमृतलाल नागर के एक उपन्यास का नाम लिखिए।